**Need to take action against the practice of selling other non-required products along with fertilizers to the farmers by the fertilizer dealers/companies-Laid**

श्री संजय हरिभाऊ जाधव **(परभणी) :** किसानों को खाद खरीदने में एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसे "खाद लिंकिंग" कहा जाता है । इसमें किसानों को खाद के साथ-साथ अन्य उत्पादों को खरीदना अनिवार्य किया जाता है, जो उन्हें नहीं चाहिए । फिर भी ज़बरदस्ती खरीदना पढ़ता है । यह एक गैरकानूनी प्रथा है जो किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचा रही है । इससे किसानों को बहुत बड़ी समस्याओं का सामना करना पढ़ रहा है और खाद के साथ-साथ अन्य उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है । इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक रूप से बोझ बढ़ रहा है । यह प्रथा किसानों के हितों के विरुद्ध है जिसमें सुधार करने की आवश्यकता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि खाद लिंकिंग की समस्या का समाधान किया जाए और किसानों को खाद खरीदने की स्वतंत्रता दी जाए तथा इस गैरकानूनी प्रथा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ।